# नांदगांव टाइम्स

शनिवार, 19 अक्टूबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 10, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए


।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अगले हफ्ते रूस जाएंगे पीएम मोदी, पुतिन ने भेजा न्योता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूसी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 22-23 अक्टूबर तक रूस का दौरा करेंगे। पीएम मोदी का यह दौरा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण के बाद किया जा रहा है।कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन रूस की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। ब्रिक्स के इस साल के शिखर सम्मेलन का टॉपिक वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूसी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 22-23 अक्टूबर तक रूस का दौरा करेंगे। पीएम मोदी का यह दौरा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण के बाद किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन रूस की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। अपनी यात्रा के दौरान, पीएम मोदी के ब्रिक्स सदस्य देशों के अपने समकक्षों और कजान में आमंत्रित नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने कहा, न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना'' विषय पर आयोजित शिखर सम्मेलन नेताओं को प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।'' 'चीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 22 से 24 अक्टूबर तक रूस के कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे।' बता दें कि इससे पहले दोनों नेताओं की आखिरी मुलाकात जुलाई में हुई थी। रूस द्वारा यूक्रेन में अपना अभियान शुरू करने के बाद यह पीएम मोदी की पहली यात्रा थी। मोदी ने मॉस्को के बाहर नोवो-ओगारियोवो में अपने आवास पर पुतिन के साथ एक अनौपचारिक बैठक की, जहां नेताओं ने छत पर चाय पी, एक साथ गोल्फकार्ट में सवार हुए और अस्तबल का दौरा किया। बयान में आगे कहा गया, शिखर सम्मेलन ब्रिक्स की तरफसे शुरू की गई पहलों का आकलन और भविष्य के सहयोग के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करेगा। (ब्राजील, रूस, भारत और चीन) देशों के नेता पहली बार 2006 में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में मिले थे। बता दें कि पहला BRIC शिखर सम्मेलन 2009 में रूस के येकातेरिनबर्ग में आयोजित किया गया था। जानकारी के लिए बता दें कि सितंबर 2010 में न्यूयॉर्क में क्क्रढ्ढष्ट विदेश मंत्रियों की बैठक में दक्षिण अफ्रीका को पूर्ण सदस्य के रूप में स्वीकार किए जाने के बाद BRIC समूह का नाम बदलकर क्क्रढ्ढष्टस् (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) कर दिया गया। ब्रिक्स दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाने वाला एक महत्वपूर्ण समूह है, जिसमें विश्व की 41 प्रतिशत आबादी शामिल है, विश्व जीडीपी का 24 प्रतिशत और विश्व व्यापार में 16 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

## सद्गुरू जग्गी वासुदेव के फाउंडेशन के खिलाफ केस बंद; सुको ने कहा- लड़कियां बालिग, मर्जी से आश्रम में रह रहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित रूप से दो लड़कियों को बंधक बनाने के मामले में सद्गुरु जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन के खिलाफकेस बंद कर दिया है। एक व्यक्ति ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल करके आरोप लगाया था कि कोयंबटूर स्थित ईशा फाउंडेशन परिसर में उसकी दो बेटियों को बंधक बनाकर रखा गया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि दोनों महिलाएं बालिग हैं। दोनों ने कहा है कि वे स्वेच्छा और बिना किसी दबाव के आश्रम में रह रही हैं। इससे पहले सेवानिवृत्त प्रोफेसर एस कामराज ने मद्रास उच्च न्यायालय में ईशा फाउंडेशन के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। पिता ने आरोप लगाया था कि उनकी दो बेटियों को ब्रेशवॉश करके आश्रम में रखा गया है। बड़ी बेटी गीता की उम्र 42 और छोटी बेटी लता की उम्र 39 साल है। इसके बाद 30 सितंबर को मद्रास हाईकोर्ट ने ईशा फाउंडेशन से जुड़े सभी आपराधिक मामलों की जांच करने और रिपोर्ट पेश करने का आदेश तमिलनाडु पुलिस को दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद लगभग 150 तमिलनाडु पुलिस के जवान जांच करने ईशा फाउंडेशन पहुंचे। ईशा फाउंडेशन ने आरोपों पर कहा कि दोनों लड़कियां अपनी स्वेच्छा से आश्रम में रह रही हैं। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ ईशा फाउंडेशन ने देश की शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। तीन अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने फाउंडेशन के खिलाफ पुलिस जांच पर रोक लगा दी। पिछली सुनवाई में एक युवती ने माना था कि वह अपनी स्वेच्छा से आश्रम में हैं। उन्होंने आठ साल से अपने पिता पर परेशान करने का आरोप भी लगाया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आठ साल पहले मां ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की थी।



## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भिलाई 3 पहुंचने पर आत्मीय स्वागत



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का भिलाई-3 पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक सर्वश्री डोमन लाल कोर्सेवाडा, श्री ललित चंद्राकर एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा संभाग आयुक्त श्री एस एन राठौर, आई जी श्री आर जी गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, एस.पी. श्री जितेन्द्र शुक्ला एव अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बरनारा के बड़े नाले के पास दिखे तेंदुए के पदचिन्ह !

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बरनारा के बड़े नाले के समीप नर-मादा तेंदुआ देखने का दावा किया जा रहा है! बताया जाता है कि 18 अक्टूबर शुक्रवार को शाम लगभग 07 बजे के करीब रोड से चलने वाले लोगों ने जोड़ी तेंदुवो को बरनारा के जंगलो से रोड की तरफ आते दिखे व शोरगुल सुनकर अंदर जंगल की तरफ वापस जाते दिखे! वहीं डोंगरगढ़ के रितेश ठाकुर ने तेंदवो को करीब से देखने का दावा किया जा रहा है! श्री ठाकुर की माने तो वे अपनी मोटर साइकिल से आमगांव से डोंगरगढ़ लौट रहे थे कि बरनारा पुल के पास लोगों की भीड़ देखकर रुके तो देखा कि दो तेंदुवे खेतों से दौड़ते हुए जंगल की तरफ भाग रहे हैं! जिसकी सूचना गांववालो को दी! गाँव में तेंदुआ आ जाने की खबर मिलते ही हड़कंप मच गया व ग्रामीण एकजुट होकर तेंदुवो को जंगल की ओर खदेड़ने के लिए हाथ में लाठी व मशाल लेकर तेंदुवो को ढूढ़ते रहे परंतु भीड़ और शोरगुल की आवाज सुनकर दोनों तेंदुवे जंगल की तरफ भागने में सफल हो गए! वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों ने तेंदुवो के पदचिन्ह का फोटो अपने मोबाईल में लिया गया है!



### शावक की खोज में जंगल से रोड तक आ गए तेंदुवे

सूत्रों की माने तो लोगों में दबी जुबांन से चर्चा चल रही थी कि दोनों नर व मादा तेंदुवे है जो अपने शावक को ढूढ़ते हुए जंगल से बरनारा पुल के करीब तक आ गए है! हालाँकि तेंदुवो ने किसी को कोई नुकसान पहुंचाने की खबर नहीं मिली है! वहीं दूसरी और कुछ ग्रामीणों की चर्चा में बताया जा रहा था कि बरनारा जलाशय के करीब इन तेदुवो को कई बार देखा जा चुका है जिसकी पुष्टि वन विभाग ने की है! वहीं ग्रामीणों ने दबी जुबांन से यह भी बताया गया कि कुछ दिनों पूर्व गांव के चरवाहा को तेंदुवे के शावक ने पंजा मारकर घायल किया गया था जिसे वन विभाग की टीम व परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लाकर इलाज करवाया गया था और घटना के बाद से गांव वाले जंगली जानवरों से सतर्क रहने लगे थे और शायद उस शावक तेंदुवे को जाल बिछा घेरकर मार डाला गया है जिसकी खोजबीन के लिए नर और मादा तेंदुवे जोड़े जंगल से गांव की तरफ आ गए! हालाँकि शावक की मौत की खबर में कितनी सच्चाई है इस बात का कोई प्रमाण नहीं मिला!

### वन अमला भेजकर पता करवाती हूँ-

तेंदुवो के दिखे जाने की खबर पर वन विभाग की एसडीओ पूर्णिमा राजपूत ने चर्चा कर बताया कि वन विभाग की टीम भेजकर वन्य प्राणियों की पता तलाश करवाती हूँ!

**पूर्णिमा राजपूत एसडीओ**

## चौकी मे स्थापित भगवान गौतम बुद्ध के दर्शन किए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग.शासन एवं माननीय श्री भोलाराम साहू विधायक, विधानसभा क्षेत्र खुज्जी के द्वारा नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी में स्थापित बुद्ध प्रतिमा के दर्शन एवं पुष्प अर्पित करते हुए क्षेत्र वासियो एवं प्रदेश वासियों के लिए सुख शान्ति समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर श्रीमती विद्या रमेश ताम्रकार अध्यक्ष, नगर पंचायत अ.चौकी,श्री रितेश मेश्राम उपाध्यक्ष, नगर पंचायत अ.चौकी,एवं पार्षद गण एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



## आईजी, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने डोंगरगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम खुर्सीपारखुर्द, खोलारघाट, कौहापानी का किया आकस्मिक निरीक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने डोंगरगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम खुर्सीपारखुर्द, खोलारघाट, कौहापानी का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर गांव में मिल रही शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान बच्चों से बातचीत की और बच्चों से पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल में मिल रहे मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को मिल रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की और विद्यालय का निरीक्षण भी किया। शिक्षकों को समय पर विद्यालय आने, बच्चों को अनुशासित रखने के साथ-साथ उन्हें विषयों की जानकारी देने तथा विद्यालयों को स्वच्छ लिए रखने के आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंनगबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों, गर्भवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को मिलने वाले रेडी टू ईट तथा आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज बच्चों, कुपोषित बच्चों के संबंध में जानकारी ली और नन्हे बच्चों से बातचीत की।



## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने छग के कार्यों को सराहा

### सदस्य धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे का रायपुर में हुआ भव्य स्वागत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे का रायपुर आगमन पर न्यू सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, उपाध्यक्ष हफीज खान व सचिव एआर खान द्वारा भव्य स्वागत किया गया। छग अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान ने बताया कि धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य का छत्तीसगढ़ आगमन हुआ। वह अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक एवं आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए किए गए कार्यों की जानकारी एवं अल्पसंख्यक समुदाय से मिलने के लिए छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। राजधानी के नवीन सर्किट हाउस में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, उपाध्यक्ष हफीज खान, सचिव एआर खान ने स्वागत कर अल्पसंख्यक लोगों के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। मदरसा में पढ़ाई जाने वाले शिक्षकों के वेतन को केंद्र सरकार द्वारा नहीं दिए जाने व बच्चों को स्कॉलरशिप नहीं दिए जाने, उर्दू शिक्षकों की भर्ती नहीं होने के कारण उर्दू पढने वालों में शिक्षा में आ रही कठिनाई को लेकर जानकारी दी गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग ने जैन समाज के मुनियों को पैदल आगमन पर इसकी सुरक्षा के लिए प्रोटोकॉल महेंद्र छाबड़ा, हफीज खान व अनिल जैन द्वारा शासन से आदेश जारी कराया गया। साथ ही स्कूल में पढने वाले अल्पसंख्यक बच्चों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार जो अधिकतम अंक पाए उन बच्चों को उनके जिले में जाकर जानकारी (विजिट) किया जा रहा है, के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही गुरुद्वारा, मंदिर, बौद्ध धर्म, ईसाई धर्म, मुस्लिम धर्म के लोगों से मुलाकात कराई गई। अल्पसंख्यकों के मामले को लेकर अवगत होने पर सदस्य ने अल्पसंख्यक आयोग द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।



## सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच ने मनाया शरद पूर्णिमा

**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच के पदाधिकारियो ने रायपुरा स्थित शिखासदन में शरद पूर्णिमा का आयोजन किया। उक्त अवसर पर



पदाधिकारीयो ने प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा की उपस्थिति में चांदनी रात में चंद्रमा की शीतलता से अमृत वर्षा पश्चात खीर पूरी व अन्य लजीज व्यंजन के साथ शरद उत्सव का आनंद लिया। देर रात तक महिला पदाधिकारी गीत, भजन के साथ झूमते रहे ।सुधा शर्मा के भजन को काफी सराहा गया। संचालन महादेव घाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा तथा शारदा मिश्रा ने किया ।आभार रायपुरा अध्यक्ष शिखा शर्मा ने किया। आयोजन में मुख्य रूप से रत्ना शर्मा, वीणा तिवारी, शारदा मिश्रा, सुधा शर्मा, सुनंदा दुबे, वैजयंती चतुर्वेदी, कविता शर्मा, निशा दुबे, शशि पांडे, शिवम शर्मा, रुक्मणी पांडे विशेष सक्रिय रहे ।

## सालिकझिटिया स्कूल में जागरूक बच्चों की गंभीर शिकायत

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम सालिकझिटिया के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला में एक शिक्षक व्दारा स्कूली बच्चों को हिन्दू धर्म के विरोध में कही गई बातें काफी महंगी पड़ गयी. मिली जानकारी के अनुसार और विद्यार्थियों की शिकायत है कि ब्लॉक के ग्राम सालिकझिटिया मिडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षक रमेश कुमार सहारे व्दारा शाला में पढने वाले बच्चों को हिन्दू धर्म के विरूद्ध अनेक बातें कही जा रही हैं. स्कूली बच्चों की शिकायत के अनुसार उनके शिक्षक शिवलिंग में थूक लगाकर बेलपत्र चढ़ाने, कड़ा या मौली धागा नहीं बांधने, तिलक नहीं लगाने, माता तुलसी का विवाह नहीं कर पाये तो तुम्हारा विवाह कैसे होगा, मां सरस्वती की पूजा करने पर सहित हिन्दू धर्म मानने वाले बच्चों को विभिन्न गीतों आदि के माध्यम से चिढ़ाते हैं और देवी देवताओं का मजाक उड़ाते हैं, जिससे ये विद्यार्थी आहत हैं. काफी दिनों से यह बात बच्चों के बीच चल रही थी लेकिन बच्चे अपने पालकों और स्कूल प्रबंधन तक यह बात नहीं पहुंच पाई थी. स्कूली बच्चों में चल रही चर्चा और सुगबुगाहट बजरंग दल के कार्यकर्ताओं तक पहुंची और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने अनेक बच्चों से चर्चा कर पूरी बात सुनी, जिसके बाद मामला तूल पकड़ लिया. बच्चों की शिकायत के बाद बजरंग दल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शाला पहुंचकर विरोध दर्ज किया और संबंधित शिक्षक से बात की. इस दौरान सुशील सेन बजरंग दल के जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांतसहमंत्री नंदू साहू, अर्जुनी प्राचार्य पद्मलोचन शर्मा, मीडिया टीम और बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष उक्त शिक्षक ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए सभी से मांफी मांगकर इस प्रकार गल्ती की पुनरावृत्ति नहीं करने की बात कही लेकिन चूंकि मामला आस्था और हिन्दू धर्म से जुड़ा हुआ है और किसी के आस्था को चोट पहुंचाना काफी गंभीर विषय है इसलिए यह मामला तूल पकड़ सकता है. मामले में ग्राम के सरपंच रेशम लाल साहू ने बताया कि घटना की जानकारी मुझे आज ही मिली है, जिसमें शिक्षक व्दारा हिन्दू धर्म के खिलाफ बच्चों से अभद्र बातें कही जा रही है जो अनुचित है. इस तरह बच्चों को शिक्षा नहीं देनी चाहिए, इस मामले में कार्यवाही करने के लिए ग्राम, पंचायत, शाला प्रबंधन समिति सभी मिलकर कानूनन कार्यवाही के लिए शिकायत करेंगे. ग्राम पटेल गणेश राम साहू ने इस मामले में कहा कि बच्चों से उक्त शिक्षक व्दारा अर्नगल शिक्षा दी जा रही है. इसके लिए शीघ्र ही उचित कार्यवाही किया जाना चाहिए।



### हिन्दू धर्म विरोधी बातें करते हैं शिक्षक

### मामला तूल पकड़ता देख शिक्षक ने मांगी माफी

# पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए योगदान देते हुए समाज के प्रति निभाएं अपना दायित्व - कलेक्टर

## किसानों को रबी सीजन अंतर्गत उद्यानिकी फसलें दलहन, तिलहन एवं कम पानी की आवश्यकता वाली अन्य फसल लगाने के लिए करें प्रेरित

**फसल विविधीकरण एवं जल संरक्षण के विषय पर बैठक सह कार्यशाला का आयोजन**

**जल संकट के दृष्टिगत फसल विविधीकरण पर किया गया मंथन**

**1 अक्टूबर 2024 से कुल 511 ग्रामों में शिविर**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में फसल विविधीकरण एवं जल संरक्षण के मद्देनजर अनुविभागीय कृषि अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जल जीवन के लिए आवश्यक है। सभ्यताएं नदियों के किनारे विकसित होती हैं और शहर पानी की आवश्यकता को देखते हुए बसते हैं। उन्होंने बताया कि दक्षिण अफ्रीका के केपटाऊन में पानी की अत्यधिक कमी थी। पानी की कमी से कई देश जूझ रहे हैं। जल के अत्यधिक दोहन के कारण भू-जल स्तर में कमी आयी है। उन्होंने कहा कि जिले में राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ विकासखंड क्रिटिकल जोन में है। यदि अभी हमने जल का संरक्षण नहीं किया, तो आने वाले समय में जल संकट की स्थिति बन सकती है। पहले पिछले 10 वर्ष में 100 से 150 फीट में बोर कराने से पानी आ जाता था, लेकिन भू-जल स्तर इतना कम हो गया है कि 400-600 फीट नीचे चला गया है। ग्लोबल



वार्मिंग के दुष्प्रभाव के कारण भीषण गर्मी बढ़ी है। वहीं पानी का अत्यधिक दोहन होने के कारण भी जल संकट की स्थिति बन रही है। जिले में मिशन जल रक्षा के तहत जल संरक्षण के साथ ही पौधरोपण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा यह कर्तव्य है कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए अपना योगदान देते हुए समाज के प्रति दायित्व निभाएं। किसानों को रबी सीजन में धान के बदले कम पानी की आवश्यकता वाले फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने सभी कृषि अधिकारियों से कहा कि किसानों को रबी सीजन अंतर्गत उद्यानिकी फसलें दलहन, तिलहन एवं कम पानी की आवश्यकता वाले फसल लगाने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए सोच बदलने की जरूरत है तथा छोटे किसानों को क्लस्टर में सामूहिक खेती करने के लिए तथा उद्यानिकी फसलों एवं दलहन व तिलहन के फसलों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें।

कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष सभी कृषि से जुड़े अधिकारी धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष तौर पर प्रयास करें। धान की फसल में 1432 लीटर पानी की जरूरत होती है। जबकि गन्ना, कोदो, रागी, मक्का एवं अन्य फसलों में कम पानी की आवश्यकता होती है। जल संकट एक गंभीर विषय है और इस पर मंथन करते हुए हमें योजनाबद्ध तरीके से समाज एवं लोगों की बेहतरी के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि अभी उपयुक्त समय है किसानों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्रदान करें। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि जनसहभागिता से जल संरक्षण के लिए तथा फसल विविधीकरण के लिए कार्य करना है तथा किसानों को प्रेरित करना है, ताकि आने वाले गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या नहीं हो। उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय ने सभी अधिकारियों को कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला एवं संगोष्ठी के माध्यम से किसानों को जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर 2024 से कुल 511 ग्रामों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीवार शिविर आयोजन किया जा रहा है, जिसमें किसान संगवारी के साथ ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि एवं कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### राजनांदगांव जिला झेरिया धोबी समाज का बैठक 20 अक्टूबर को आयोजित होगा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला झेरिया धोबी समाज के अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला झेरिया धोबी समाज का बैठक 20 अक्टूबर दिन रविवार को चिखली दीनदयाल नगर स्थित सामाजिक भवन में समय 12 बजे कार्यकारिणी बैठक आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा है कि जिले के समस्त परिक्षेत्र एवं जिला पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि स्वजाति भाइयों एवं परिक्षेत्र सहित जिला पदाधिकारी को किसी प्रकार का सूचना नहीं मिल पाए तो इसे ही सूचना समझकर उपस्थिति प्रदान करने की कृपा करें। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी है।

### दैहान रामधुनी कार्यक्रम के समापन में पहुंचे हिरेन्द्र साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती चौक दैहान में रामधुनी कार्यक्रम लगातार दो दिनों तक चला । जिसमें कुल 8मंडलीयों ने हिस्सा लिया। आसपास के ग्रामीण दैहान,



केशाल,मावली चुवा, जादूटोला,घुपसाल ,हर्रा टोला,खोरा टोला जोशी लमती, गर्रापार आदि गांव के ग्रामीणों ने निरंतर दो दिनों तक कार्यक्रम का आनंद उठाया ।हिरेन्द्र साहू मंत्री भाजपा जिला किसान मोर्चा राजनांदगांव ने अपने उद्बबोधन में कहा कि कोई भी धार्मिक आयोजन को आयोजक समिति द्वारा मनोरंजन की द्रष्टि कोण से नहीं करवाना चाहिए और ना ही कार्यक्रम को मनोरंजन की द्रष्टि कोण से देखना सुनना चाहिए।आप सभी अभी कार्यक्रम देखने के लिए उपस्थित हुए हैं। कार्यक्रम को देखकर बुराई को त्यागकर अच्छाई को आत्म सात करने का प्रयास करेंगे तो निश्चय ही मानव जीवन का कल्याण होगा। कार्यक्रम को डाक्टर जामवंत साहू जी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गणपत सिन्हा सहायक समिति प्रबंधक जोशीलमती, राधे लाल,अनुज राम सिंन्हा जी,डी एल चन्द्रवंशी सर, भागीरथी सिन्हा ,विजय भारद्धाज पुर्णानंद सिन्हा,ओभन, अश्वनी कुमार सिन्हा,रेवा राम साहू जी,आशा राम साहू ,नरेश गजेन्द्र जी,दुर्जन लाल देहारी सहित आसपास के ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### दिग्विजय महाविद्यालय में विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में



दिनांक 16.10.2024 को श्विश्व खाद्य दिवसश् के अवसर पर वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री डोमेन्द्र ध्रुवए श्खाद्य सुरक्षा विभाग श् राजनंदगांव उपस्थित रहे । व्याख्यान का शीर्षक ष्फूड एडल्टरेशन एंड सेफ्टीरेगुलेशन ष् था। जिसमें उन्होंने खाद्य की उपलब्धता तथा खाद्य की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी साथ ही खाद्य सामानों में स्थित समस्याएं जैसे. अमानकए मिथ्या छापए असुरक्षित खाद्य के बारे में जानकारी दी तथा सरकारी योजना में संचालित फोर्टीफाइड राइस वितरण के बारे में भी बताया तथा भिन्न प्रकार के दूध एवं दूध उत्पादए फल एवं सब्जियोंए पेयपदार्थए चावल की शुद्धता की जांच करने संबंधित तरीकों के बारे में अवगत कराया । इस व्याख्यान में वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापक तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र दृछात्राएं उपस्थित रहे और खाद्य सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से लाभान्वित हुए ।

**शुभांक**

**2-4-0**

**230-5 349-6**

**भाग्यांक**

**580-3 166-3**

# साकेत साहित्य परिषद का रजत जयंती समारोह 20 को

## परिचर्चा ,सम्मान समारोह ,पुस्तक विमोचन एवं कवि सम्मेलन होगा, सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक तीन सत्र में कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुरगी में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रथम सत्र में वैचारिक संगोष्ठी एवं रजत जयंती साकेत स्मारिका का विमोचन होगा । सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले परिचर्चा का विषय संस्कारधानी राजनांदगांव की समृद्ध साहित्यिक परंपरा एवं साकेत रखा गया है ।इस सत्र के मुख्य अतिथि डॉ . अभिलाषा बेहार, सचिव ,छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग रायपुर होगी एवं अध्यक्षता डा .दादू लाल जोशी ,वरिष्ठ साहित्यकार, राजनांदगांव करेंगे। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. पीसी लाल यादव वरिष्ठ साहित्यकार गंडई ,आत्माराम कोशा अमात्य,अध्यक्ष ,छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति जिला इकाई राजनंदगांव, सुरगी ,डॉ. दीनदयाल साहू ,संपादक, चौपाल ,हरिभूमि रायपुर उपस्थित रहेंगे ।इसमें आधार वक्तव्य कुबेर सिंह साहू का होगा ।स्वागत उद्बोधन ओम प्रकाश साहू अंकुर, अध्यक्ष ,साकेत साहित्य परिषद सुरगी एवं संचालन महेन्द्र कुमार बघेल मधु करेंगे ।द्वितीय सत्र में रजत जयंती साकेत सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 1बजे से आयोजित होगा। इस सत्र के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव , पूर्व सांसद राजनांदगांव होंगे एवं अध्यक्षता सचिन सिंह बघेल ,अध्यक्ष ,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, राजनांदगांव करेंगे। विशिष्ट तिथि के रूप में कोमल सिंह राजपूत ,पूर्व उपाध्यक्ष ,कृषि उपज मंडी राजनंदगांव ,लीलाधर साहू जिला उपाध्यक्ष, भाजपा ,राजनांदगांव रोहित चंद्राकर ,अध्यक्ष ,भाजपा ग्रामीण मंडल, राजनांदगांव ,आनंद साहू, सरपंच, ग्राम पंचायत सुरगी , श्रीमती मधु सुकृत साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,सुरगी, मनोज साहू ,महामंत्री ,भाजपा ग्रामीण मंडल राजनांदगांव ,जीवनलाल साहू, अध्यक्ष, मंडल साहू संघ मुड़पार,सुरगी गुरु चरण सिन्हा ,सेक्टर प्रभारी ,भाजपा सुरगी ,कमलेश साहू अध्यक्ष ,ग्राम विकास समिति सुरगी उपस्थित रहेंगे। रजत जयंती साकेत सम्मान की कड़ी में चार संस्था को साकेत सम्मान प्रदान किया जाएगा जिसमें साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव (अध्यक्ष, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा)भोरमदेव साहित्य सृजन मंच कबीरधाम (अध्यक्ष, कुंज बिहारी साहू)मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद ( अध्यक्ष, डा. अशोक आकाश)को साकेत साहित्य सम्मान एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु लोक सांस्कृतिक संस्था धरती के सिंगार भोथीपारकला, राजनांदगांव ( संचालक, महेश्वर दास साहू)तिथि के रूप में डॉ.इकबाल खान ,अध्यक्ष, वनांचल साहित्य समिति मोहला,जयकांत पटेल, अध्यक्ष, प्रेरणा साहित्य समिति बालोद ,ग्वाला प्रसाद यादव नटखट, अध्यक्ष, पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा , छुरिया ,संतोष ठाकुर अध्यक्ष, हस्ताक्षर सहित समिति दल्ली राजहरा ,इंद्रजीत दादर ,अध्यक्ष ,छत्तीसगढ़ कलमकार मंच भिलाई की उपस्थिति रहेगी ।इस सत्र का संचालन वरिष्ठ कवि वीरेंद्र कुमार तिवारी वीरू ,रोशन लाल साहू एवं पवन यादव पहुना करेंगे। रजत जयंती समारोह को सफल बनाने हेतु साकेत सहित परिषद सुरगी के पदाधिकारी एवं सदस्य गण जुटे हुए हैं। परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर, संरक्षक कुबेर सिंह साहू , मान सिंह ठाकुर,सचिव राजकुमार चौधरी रोना कोषाध्यक्ष थनवार निषाद सचिन, पूर्व अध्यक्ष लखन लाल साहू लहर , उपाध्यक्ष शंतू राम गंजीर,पवन यादव पहुना, वरिष्ठ साहित्यकार प्यारे लाल देशमुख,वीरेन्द्र कुमार तिवारी वीरू, महेन्द्र कुमार बघेल मधु,सहसचिव डोहर दास साह मौजूद थे।

# जन औषधि केंद्रों में मरीजों को मिलेगी सस्ते में जीवन रक्षक दवाइयां

## जिले में पीएचसी केंद्रों में खुलेगी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की दुकानें



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन के निर्देशन में जिले में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिले में चलाई जा रही जन औषधि केंद्रों की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड से जन औषधि केंद्र योजना की शुरूआत की गई थी। राजनांदगांव में भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव द्वारा 10 दवाई दुकानों का संचालन जिला अस्पताल व सीएचसी में किया गया था। शासन के निर्देश पर जन औषधि केंद्रों में अच्छी गुणवत्ता की जीवन रक्षक दवाइयों का लाभ जनसामान्य को कम दर पर मिलेगी। सीएमएचओ डॉ. नवरतन ने कहा कि शासन की योजना का नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो, इसके लिए जिले की सभी सीएचसी, पीएचसी सेंटरों में भी जन औषधि केंद्रों को रेडक्रास या जीवनदीप समिति के माध्यम से खोलने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। बैठक में जिला अस्पताल से सिविल सर्जन व मेडिकल कालेज अस्पताल के प्रतिनिधि, जिला अस्पताल, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के प्रतिनिधि, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, जन औषधि केंद्रों के क्षेत्रीय अधिकारी व रेडक्रास सोसायटी के जिला संगठक सह प्रबंधक, ड्रग एवं औषधि नियंत्रण विभाग के श्री नवीन बघेल, श्री विष्णु प्रसाद साहू, श्री अजी कुरैशी, प्रियजन चौबे, श्री संजय श्रीवास्तव, श्री हरिओम शर्मा, फार्मासिस्ट श्री खिलेश निषाद, श्री खेमराज, श्री विनोद पटेल, श्री वय एल राकेश, श्री नितिन गिरी, श्री अविनाश सेन, श्री आशीष जांघेल, श्री टेकराम साहू, श्री संजय ठाकुर, श्री खुमेश साहू उपस्थित थे।

### फटाका व्यवसायियों की मांग पर महापौर एवं आयुक्त ने अस्थाई भूखण्ड शुल्क वृद्धि में की कमी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली में फटाका दुकान लगाया जाना है जिसके लिए नगर निगम द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर मंगलवार को लायेसेंसी फटाका व्यवसायियों को लाटरी के माध्यम से विधिवत आबंटित किया जायेगा। आबंटन करने अस्थाई भूखण्ड शुल्क में इस वर्ष 15 प्रतिशत की वृद्धि की गयी थी, वृद्धित दर कम करने फटाका व्यवसायियों द्वारा महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एंव आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता से मांग की गयी। फटाका व्यवसायियों के हित में महापौर श्रीमती देशमुख एवं आयुक्त श्री गुप्ता ने वृद्धित दर में कमी की, दर कम होने पर अस्थाई भूखण्ड शुल्क 4590 रूपये के स्थान पर अब व्यवसायियों को 4200 रूपये देने निर्णय लिया गया। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष की प्रक्रिया के तहत नगर निगम द्वारा फटाका दुकान के लिए लायसेंसी फटाका व्यवसायियों से 22 अक्टूबर 2022 मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे तक वर्तमान लायसेंस वर्ष 2024-25 के प्रति के साथ आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के लिये आवेदन शुल्क एवं अस्थाई भूखण्ड आबंटन शुल्क राशि रूपये 4590 देकर आवेदन प्राप्त कर जमा करना था, फटाका व्यवसायियों की मांग पर शुल्क में कमी करते हुये अस्थाई भूखण्ड शुल्क 4590 रूपये के स्थान पर अब व्यवसायियों को 4200 रूपये निर्धारित तिथि 22 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे तक आवेदन के साथ जमा करना होगा। आवेदनों के परीक्षण उपरांत दुकानों का अस्थाई भूखण्ड आबंटन नम्बरिंग लाटरी के माध्यम से 22 अक्टूबर 2024 मंगलवार को दोपहर 4:00 बजे नगर निगम के सभागृह में किया जावेगा। उन्होंने कहा कि फटाका व्यवसायियों को 4200 रूपये का रसीद लेकर लाटरी में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# उपायुक्त ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

## आयुक्त के निर्देशानुसार तीन दिन में डिमाण्ड दुरूस्त करने के दिये निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** उपायुक्त श्री मोबीन अली ने टाउनहाल सभागृह में आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर राजस्व विभाग के राजस्व उप निरीक्षकों एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों की समीक्षा बैठक में वसूली के संबंध में वार्डवार जानकारी ली और तीन दिवस के अंदर



डिमाण्ड दुरूस्त करने के निर्देश दिये ।उपायुक्त श्री अली ने समीक्षा बैठक के दौरान समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी को अपने प्रभारित वार्ड की इस वित्तीय वर्ष के कुल मांग एवं वसूली (चालू एवं बकाया सहित पृथक-पृथक) सहित प्रवृष्टि कर वार्डवार पंजी, जिसमें उस वार्ड के सम्पतिकर दाताओं, गैर सम्पतिकर दाताओं एवं जलकर दाताओं के संख्यावार पृथक-पृथक प्रविष्टि की व वसूली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि घर घर जाकर भौतिक सत्यापन कर नये सिरे से सही डिमाण्ड तैयार किया जा रहा है, कुछ वार्ड प्रभारियों के द्वारा डिमाण्ड दुरूस्त नही किया गया, जिसके लिये आयुक्त महोदय द्वारा नराजगी व्यक्त की जा रही है, उनके द्वारा कहा गया है कि जिन वार्ड प्रभारी ने डिमाण्ड दुरूस्त नही किया है और वसूली जिनकी वसूली कम है उन्हें नोटिस जारी कर कार्यवाही करे। समीक्षा की कड़ी में उपायुक्त श्री अली ने कहा कि नये डिमाण्ड के आधार पर प्रतिदिन की गई वसूली को संग्रहण पंजी में तिथीवार पृथक-पृथक इंद्राज करे तथा जल कर वसूली करने सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारियों को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि जल विभाग से नये नल कनेक्शन की जानकारी लेवे और उसे डिमाण्ड में चढ़ाकर उसके अनुसार वसूली करे। इसी प्रकार भवन नजूल विभाग से नये घर की जानकारी लेकर डिमाण्ड में जोडे। उन्होंने कहा कि आयुक्त महोदय द्वारा स्वयं वार्डो में जाकर भौतिक सत्यापन किये एवं पुराने डिमाण्ड से मिलान कर कम डिमाण्ड पर नया विवरणी भरने के निर्देश दिये है, साथ ही करदाताओं को अवगत कराकर उसके अनुसार वसूली करने कहा गया है। कुछ करदाता नये डिमाण्ड में पॉच गुना फाईन लगाकर अधिक वसूली करने की शिकायत कर रहे है, उन्हें समझाये कि आपका विवरणी कम भराया था जिसे वास्तविक नाप के अनुसार दुरूस्त किया गया है और वह फाईन नहीं है बल्कि अंतर की राशि है।

# विद्यार्थियों को जीवन में किसी भी प्रकार के नशा से दूर रहना चाहिए : जयप्रकाश सिन्हा



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरगी, विकासखंड डोंगरगांव में अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा द्वारा विद्यार्थियों को विद्यार्थी जीवन का महत्व ,विद्यार्थी जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने स्कूल एवं कोचिंग के अलावा स्वयं से 5 घंटे पढ़ने के लिए प्रेरित किया । जीवन में किसी भी प्रकार के नशा से दूर रहने कहा क्योंकि नशा से समाज के साथ-साथ स्वयं की शारीरिक और मानसिक विकास अवरूद्ध होता है ।साथ ही माइंड ,मनी एवं मोबाइल के दुरुपयोग व सदुपयोग पर प्रकाश डाला । उत्तम स्वास्थ्य के लिए नित्य प्रति योग, ध्यान, एवं प्रार्थना करने के लिए प्रेरित किया। प्रार्थना में माता-पिता गुरु एवं परमात्मा को शुक्रिया अदा करने कहा। पढ़ लिखकर जीवन में क्या बनना चाहते हैं आज ही सुनिश्चित करें ।पढ़ लिख कर एक अच्छा इंसान, एक अच्छा नागरिक बनने के लिए कहा। उक्त अवसर पर प्राचार्य एन एल कमरिया, अशोक कुमार आल्हा , डॉ. कुसुम ठाकुर ,नारद राम साहू, राजेश कुमार साहू ,नूतन सिंह चंद्राकर, रविंद्र रमन साहू, महेश कुमार उइके, देवेंद्र कुमार उइके , सुरेश कुमार देहारे ,नरेश कुमार भुआर्य,कृष्णा राम खेलवाड़े, कमलेश कुमार चंदेल ,संदीप कुमार दीपांकन , हितेश कुमार साहू ,खेमलाल साहू, हेमकुमारी राणा एवं गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता चैन सिंह गंजीर उपस्थित थे।

## ज्ञान मंथन

*1) स्टील को कठोरता प्रदान करने के लिए क्या मिलाया जाता है?*
*2) हाल ही में कहाँ सात दिवसीय बहुभाषी लघु कथा महोत्सव शुरू हुआ है?*
*3) गाँधीजी ने किस प्रस्ताव को आगे की तिथि का चेक है, जिसका बैंक नष्ट होने वाला है कहा था?*
*4) भारत की एकमात्र अन्तर्वाही नदी का नाम क्या है?*
*5) 20वीं सदी का कौन-सी पेटिंग 61.8 करोड़ रूपये में बिकी। यह अब तक की सबसे महंगी भारतीय कलाकृति बन गई है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) क्रोमियम (2) जम्मू (3) क्रिप्स प्रस्ताव (4) लूनी (5) द स्टोरी टेलर

## भाजपा के सदस्यता अभियान ने गति पकड़ी

**सक्रिय सदस्यता अभियान का भी शुभारंभ हुआ**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का सदस्यता अभियान अब अंतिम चरणों की ओर बढ़ चला है। राजनांदगांव



भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 15 अक्टूबर की अंतिम तिथि के बाद भी सभी नेताओं ने सदस्यता अभियान जारी रखा हुआ है, और तय समय 30 अक्टूबर तक अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का जुनून प्रत्येक नेता में अब दिखने भी लगा है। आगामी नगर निगम चुनाव की दृष्टि से भी वार्ड के पार्षद प्रत्याशी सदस्यता अभियान में जी जान से लगे हुए हैं, इसके साथ ही अगली कड़ी की शुरुआत करते हुए सक्रिय सदस्यता अभियान का आगाज आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में किया गया। सक्रिय सदस्यता अभियान शुभारंभ अवसर के इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक शर्मा जी, खूबचंद पारख जी, संतोष अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, सदस्यता अभियान के प्रभारी सचिन बघेल, राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव, रघुवीर वाधवा, तरूण लहरवानी, अतुल रायजादा, किशुन यदु , रामकुमार गुप्ता, बोधी साहू, बोधन साहू,अजय पटेल, रोमी भाटिया, राकेश अग्रवाल,मुकेश बघेल,गुलशन हिरवानी, सुमीत भाटिया, रविन्द्र रामटेके, हकीम खान, परदेशी सोनबोईर, पप्पी भाटिया,आशु , त्रिगुण टांक, मनोज साहू, सुखलाल धारगावे, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निधन



**अमन सांखला**

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्थानीय नंदई चौक निवासी जीवन लाल जी सांखला के सुपुत्र अमन सांखला उम्र 32 वर्ष का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। आपकी अंत्येष्टि दोपहर 12:00 बजे लखोली स्थित मुक्तिधाम में की गई। आपके भाई नयन सांखला चाचा लक्ष्मी चंद जी सांखला सहित भरापुरा परिवार छोड़ गया।

# जनजातीय समाज का अतीत अत्यंत उज्ज्वल एवं गौरवशाली : पवन साहू

## शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में किया गया जनजातीय स्मृति कार्यक्रम का आयोजन

**बालोद (नांदगांव टाइम्स)।** वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री पवन साहू ने कहा कि जनजातीय समाज का अतीत अत्यंत उज्ज्वल एवं गौरवशाली है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में जनजातीय समाज के लोगों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री साहू आज शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में आयोजित जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे, वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद के प्राचार्य श्री शैलेष कुमार थॉमस ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष श्री देवेन्द्र माहला सहित विशेष अतिथि के रूप में गोंडवाना समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष श्री चंद्रेश ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कीर्तिका साहू, सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष श्री अरूण साहू के अलावा कार्यक्रम के जिला संयोजक श्री कृष्णा साहू, संयोजक श्रीमती पूर्णिमा ठाकुर, सह संयोजक श्री कुमेश ठाकुर उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथि एवं वक्ताओं ने जनजातीय समाज के विभूतियों सहित संपूर्ण जनजातीय समाज के लोगों का देश व समाज के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में वक्ताओं ने बिरसा मुण्डा, वीरांगना दुर्गावती, शहीद वीर नारायण सिंह एवं शहीद गैंद सिंह आदि आदिवासी समाज के महापुरूषों एवं अमर शहीदों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके वीरता एवं योगदान को अनुपम एवं अद्वितीय बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनजातीय समाज के सीधे, सरल, शांत एवं मेहनकश समाज बताते



हुए कहा कि जब भी देश व समाज के सामने चुनौतियां आई है, जनजातीय समाज के लोगों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर उसका डटकर मुकाबला किया है। उन्होंने कहा कि हमारा मौजूदा केन्द्र एवं राज्य सरकार आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास तथा उनके पुराने गौरव एवं विरासत को अक्ष्क्षुण बनाए रखने हेतु कृतसंकल्पित है। श्री साहू ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के फलस्वरूप जनजातीय समाज के लोगों के स्थिति में निरंतर सुधार एवं अमूलचूल परिवर्तन हो रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. देवेन्द्र माहला ने आदिवासी समाज के अमर शहीदों एवं विभूतियों के स्वतंत्रता आंदोलन तथा राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने नई पीढ़ी को इन अमर शहीदों एवं विभूतियों के आदर्शों से प्रेरणा लेने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष अतिथि श्री चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि जब हम आदिवासी समाज का राष्ट्र एवं समाज के प्रति योगदान एवं उनके गौरवशाली विरासत की बात करते है, तो हमें एक उज्ज्वल साधना याद आती है। जब क्रियाशील एवं कालजयी जनजातीय आंदोलनों ने चाहे वह साम्राज्यशाही तोपों के प्रतिपक्ष में हो या फिर अंग्रेजों के जुल्मों-सितम की प्रतिकार की बात हो दुनिया के इतिहास के सामने अनुपम एवं अद्वितीय उदाहरण पेश किया था। उन्होंने आदिवासी समाज के गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री श्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने अपने पुस्तक ज्डिस्कवरी ऑफइंडियाज् में लिखा है। आदिवासियों की संस्कृति विश्व की समस्त संस्कृतियों की जननी है। उन्होंने कहा कि प्रख्यात भाषाविद डॉ. गियर्सन ने कहा है आदिवासी समाज के प्रमुख भाषा गोंडी संस्कृत के अलावा दक्षिण भारत के तीन प्रमुख भाषा तमिल, तेलुगु एवं कन्नड़ की भी जननी है। इस अवसर पर जनजातीय गौरव पर आधारित रंगोली, पोस्टर मेकिंग, निबंध आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया। समारोह में विद्यार्थियों के द्वारा आदिवासी समाज पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती भामिनी डहरिया, श्री गजेन्द्र देशमुख, श्री अमर तिवारी, श्री भूपेन्द्र चुरेन्द्र, प्रणिता तिवारी, जयंती कुर्रे, श्री जी के सोनवानी , श्री कमलेश वर्मा सहित श्री दिपील कुमार जांगड़े, श्री वेंकटेश, नूतन तिग्गा, श्री रामप्रसाद सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में समय सीमा निर्धारित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में समय सीमा निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार इस वर्ष दीपावली के दिन पटाखें फोडऩे के लिए रात 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक की समय सीमा निर्धारित की गई है। इसी तरह छठ पूजा के लिए सुबह 6 बजे से सुबह 8 बजे तक, गुरू पर्व पर रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, नया वर्ष व क्रिसमस पर रात्रि 11.55 बजे से रात्रि 12.30 बजे तक ही पटाखे फोड़े जाने का समय निर्धारित किया गया है। आदेश का पालन कराने के लिए कड़ी निगरानी की जाएगी। कम उत्सर्जन करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों का निर्माण एवं विक्रय किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य पटाखों के उत्पादन एवं विक्रय पर रोक लगाई जाएगी। उच्चतम न्यायालय द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में रिट पिटीशन (सिविल) श्री अर्जुन गोपाल विरूद्ध यूनियन ऑफइंडिया में पारित आदेश के परिपालन में सीरीज पटाखे अथवा लडिय़ों के विक्रय, उपयोग एवं निर्माण को प्रतिबंधित करना है। केवल उन्हीं पटाखों का विक्रय किया जाना है, जिसका ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा 125 डेसीबल के भीतर हो। ऑनलाईन अर्थात ई-व्यापारी वेबसाईटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। उच्चतम न्यायालय ने कम्युनिटी फायर क्रेकिंग के लिए नगरीय निकायों को अपने अधिकार क्षेत्र में एक उपयुक्त स्थल का निर्धारण शीघ्र कर आम जनता को निर्धारित स्थल की जानकारी दीपावली के एक सप्ताह पूर्व आवश्यक रूप से देने के निर्देश दिए हैं। पटाखों का बहुतायत में उपयोग होने से वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होती है। वायु प्रदूषण बढऩे के कारण बीमारियों के घातक रूप की संभावना होती है। उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के संबंध में नागरिकों को व्यापक स्तर पर जागरूक करने कहा गया है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल भिलाई द्वारा दीपावली के अवसर पर शहर में परिवेशीय वायु गुणवत्ता का मापन का कार्य किया जा रहा है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में मनाया गया महिला किसान दिवस

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में 15 अक्टूबर को वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुजन झा के मार्गदर्शन में महिला किसान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला कृषकों की कृषि में बदलाव की भूमिका है। कृषि विज्ञान केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुजन झा ने कृषि में बदलाव लाने में महिला उद्यमियों की भूमिका पर महिला कृषकों से चर्चा की, साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी दी। डॉ. गुंजन झा उद्यानिकी विशेषज्ञ ने फल-फूल, सब्जी-भाजी की विभित्र कास्त तकनीक के बारे में महिलाओं से चर्चा की। खेती में महिलाओं की सहभागिता एवं पोषण पर भी चर्चा की गई।इंजीनियर श्री अतुल डांगे ने धान की कटाई में विभिन्न यंत्रों के उपयोग के बारे में जानकारी दी। अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री संतलाल देशलहरे ने धान एवं सब्जियों में लगने वाले कीट एवं उनके उपचार की जानकारी के साथ कीटनाशक के समुचित उपयोग में किसानों को सावधानियों के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में महिला कृषकों को सम्मानित किया गया। जिले के विभिन्न विकासखण्डों से 60 महिला कृषक कृषि विज्ञान केन्द्र में उपस्थित हुई एवं अपने अनुभव वैज्ञानिकों के साथ साझा किया। कार्यक्रम में विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री मनीष कुमार सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. योगेन्द्र श्रीवास, कार्यक्रम सहायक श्री जितेन्द्र कुमार मेश्राम, प्रक्षेत्र प्रबंधक श्री आशीष गौरव शुक्ला, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री जयसिंह खेंगर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमति सरिता रामटेके, सरपंच ग्राम पंचायत सुरगी श्री आनंद साहू व लगभग 60 महिला कृषक व महिला स्वसहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।




## सांसद संतोष पान्डेय की अनुंशसा से गंडई नगर पंचायत मे एक करोड़ से अधिक के कार्य स्वीकृत

**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लोकसभा सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर नगर पंचायत गंडई में एक करोड तीस हजार के प्रशासकीय स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने प्रदान की है। उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने प्रत्येक नगर पंचायत को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु राशि रू. 1.50-1.50 करोड की अनुदान राशि स्वीकृति प्रदान किये जाने की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु निम्नानुसार 37 कार्यों हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत राशि रूपयें एक करोड तीस हजार स्वीकृति प्रदान की गई है। गंडई नगर में विकास कार्यों के लिए राशि प्रदान करने हेतु सांसद संतोष पांडे का गंडई भाजपा के द्वारा आभार व्यक्त किया गया है । भाजपा सरकार बनने के पश्चात गंडई के विकास कार्यों के लिए लगातार राशि प्रदान की जा रही है । आभार व्यक्त करने वालो में सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, टेकन देवांगन, अश्वनी ताम्रकार, धरमु पटेल, अनिल अग्रवाल, टूम्मन साहू, नारायण शर्मा, खम्हन ताम्रकार, राजू जायसवाल, जनक देवांगन, राजेश मेहता, श्यामपाल ताम्रकार, जीवन दास रात्रे नीलम नामदेव, संजय राजपूत, राकेश ठाकुर, विक्की अग्रवाल, मंगल जैन, दिनेश भट्ट, राकेश जायसवाल, संजय अग्रवाल, विक्की कुर्रे, रामकुंवर बाई कुर्रे, जित्तू बघेल, भूपेंद्र पटेल, उमा चौबे, यतीश कुंजाम, सोनिया दुबे, पिनेश देवांगन, राकेश टंडन, यादकुमार निषाद, भागचंद बघेल आदि शामिल है। निर्माण कार्यो निम्नानुसार है वार्ड क. 02 पीपल वृक्ष से गदही तालाब पहुंच मार्ग तक पेवर ब्लाक निर्माण कार्य वार्ड क्र.19.62 लाख,वार्ड क. 02 सामुदायिक भवन रिनोवेशन कार्य 5.00 लाख,वार्ड क. 02 नीलम नामदेव के घर से गौरा चौरा एवं टीकम डोगरवार घर के सामने पेवर ब्लाक कार्य 5.00 लाख,वार्ड क. 03 केजरूद्दीन घर से अंजू राम के घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 2.64 लाख,वार्ड क. 03 अंजू यादव घर से डिवहार चौक तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 6.09 लाख,वार्ड क. 04 राम मंदिर के पास पेवर ब्लाक निर्माण कार्य 2.24 लाख,वार्ड क. 05 सार्वजनिक शौचालय से दिलीप मेरावी घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 2.61 लाख,वार्ड क. 05 गौरा चौरा से रोड तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 2.65 लाख,वार्ड क. 05 गौरा चौरा से तातू घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 2.65 लाख,वार्ड क. 07 पुल के पास पचरी निर्माण कार्य 8.70 लाख,वार्ड क. 08 बेदनू कुर्रे के घर से संजू बागड़े के घर से ढाबा तक. सी.सी. रोड टॉप कोटिंग कार्य 1.35 लाख,वार्ड क. 08 मंगल मारकंडे के घर से गुरुघांसी दास मंदिर तक आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य 1.05 लाख,वार्ड क. 09 धनराज घर से बिरसिंग घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 1.07 लाख,वार्ड क. 09 धनराज पटेल के घर से नेतराम के घर तक नया सी. सी. रोड निर्माण कार्य 1.40 लाख,वार्ड क. 09 ममता मारकंडे के घर एवं संजय जोशी के घर तक सी.सी. रोड टॉप कोटिंग कार्य 2.75 लाख,वार्ड क. 09 रामकुवर बाई घर से भवन तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 1.25 लाख,वार्ड क. 09 राज बाई कुरे घर से राधेलाल महेश्वरी घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 2.25 लाख,वार्ड क.09 जब्बीर खान घर से रामअवतार मलहा घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 2.00 लाख,वार्ड क. 09 धनराज पटेल के बाड़ी के पास मंच निर्माण कार्य 3.50 लाख,वार्ड क. 09 लतिफकुरैशी घर से चेतन रजक घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग कार्य 3.69 लाख,वार्ड क. 10 सोमनाथ पटेल के घर से सुनील पटेल के घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग कार्य 5.00 लाख,वार्ड क. 10 लखन पटेल से नवधा चौक तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 1.22 लाख,वार्ड क. 12 धनसिंग देवांगन घर से निरंजन बंघेल घर तक पेवर ब्लाक कार्य 4.00 लाख,वार्ड क. 12 कचरू घर से रमेश कुम्भकार तक पेवर ब्लाक निर्माण कार्य 3.70 लाख,वार्ड क. 12 राम बाई यादव घर से ओपन वेल तक सी.सी. रोड रिनुवल कोटिंग कार्य 2.90 लाख,वार्ड क. 12 रोहित देवांगन घर से लक्कू देवांगन घर तक सीसी रोड टाप कोटिंग कार्य 1.24 लाख,वार्ड क. 12 रेखा मरकाम घर से मेन रोड से होते हुए गोरे लाल घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग 6.00 लाख,वार्ड क. 12 संतोष यादव घर से मेन रोड तक सीसी रोड़ टाप कोटिंग कार्य1.10 लाख,वार्ड क. 12 अशोक छेदैया घर से चम्पा घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य1.68 लाख,वार्ड क. 13 खिलावन देवांगन घर से देवांगन भवन तक सी.सी. रोड कार्य 5.42 लाख, वार्ड क. 13 दीपक मंडावी घर से विश्राम यादव घर तक सी.सी. रोड 2.28 लाख,वार्ड क. 11 रमेश यादव घर से नाली तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग कार्य1.00 लाख,वार्ड क. 11 कुमारी देवांगन घर से नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य 1.05 लाख,वार्ड क. 10 रवि भवनानी घर से मेन रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य4.40 लाख,वार्ड क. 06 बिरेन्द्र यादव घर से पुलिया एवं हठियारिन घर से हरिचंद घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 2.52 लाख,वार्ड क. 04 बहुर सिंग सोनी घर से बहुरन यादव घर तक आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य 5.84 लाख,वार्ड क. 04 दिनेश सोनी घर से हालर मिल तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य 2.42 लाख के कार्य किए जाएगे।



## धर्म समाचार....

## 27 या 28 अक्टूबर, कब है रमा एकादशी? जानें सही डेट और शुभ मुहूर्त



ज्योतिषियों की मानें तो कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर दुर्लभ इंद्र योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही शिववास योग का संयोग बन रहा है। इन योग में जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। साथ ही जीवन में खुशियों का आगमन होगा।

कार्तिक का महीना भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस महीने में प्रतिदिन भगवान विष्णु संग तुलसी माता की पूजा की जाती है। कार्तिक मास में जगत के पालनहार भगवान विष्णु योग निद्रा से जागृत होते हैं। इस शुभ अवसर पर देवउठनी एकादशी मनाई जाती है। इससे पूर्व कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन रमा एकादशी मनाई जाती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 27 अक्टूबर को सुबह 05 बजकर 23 मिनट पर शुरू होगी और 28 अक्टूबर को सुबह 07 बजकर 50 मिनट पर समाप्त होगी। वैष्णव समाज के अनुयायी 28 अक्टूबर को रमा एकादशी मनाएंगे। अत: सामान्य जन 28 अक्टूबर को रमा एकादशी मना सकते हैं। वहीं, 29 अक्टूबर को सुबह 06 बजकर 31 मिनट से लेकर 08 बजकर 44 मिनट के मध्य साधक पारण कर सकते हैं। इसके लिए आप स्थानीय पंचांग का सहारा ले सकते हैं। सनातन धर्म में एकादशी पर्व का विशेष महत्व है। इस शुभ अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है। साथ ही भजन-कीर्तन किया जाता है। एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक को अमोघ फल की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को ब्रह्म बेला में उठें। इसके बाद नित्यकर्मों से निवृत्त होने के बाद स्नान-ध्यान करें। अब आचमन कर पीले रंग का वस्त्र धारण करें और सूर्य देव को जल का अर्घ्य दें। अब पंचोपचार कर विधिवत भगवान विष्णु की पूजा करें। इस समय भगवान विष्णु को पीले रंग का फूल और फल अर्पित करें। साथ ही विष्णु चालीसा का पाठ करें। अंत में आरती अर्चना करें।

### कार्तिक महीने में कब है कालाष्टमी? नोट करें सही डेट एवं शुभ मुहूर्त

सनातन धर्म में प्रत्येक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि का विशेष महत्व है। इस शुभ अवसर पर भगवान शिव के रौद्र रूप काल भैरव देव की पूजा की जाती है। तंत्र विद्या सीखने वाले साधक काल भैरव देव की कठिन भक्ति करते हैं। कठिन भक्ति से प्रसन्न होकर काल भैरव देव साधक को मनोवांछित फल देते हैं। सनातन धर्म में कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि का विशेष महत्व है। इस शुभ तिथि पर न केवल मासिक कालाष्टमी जाती है, बल्कि मासिक कृष्ण जन्माष्टमी भी मनाई जाती है। इस दिन भगवान शिव के रौद्र रूप की पूजा की जाती है। साथ ही विशेष कार्यों में सफलता पाने के लिए कालाष्टमी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक को जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। आइए, कार्तिक माह की कालाष्टमी की तिथि एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं- वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 24 अक्टूबर को देर रात 01 बजकर 18 मिनट पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन 25 अक्टूबर को देर रात 01 बजकर 58 पर होगा। कालाष्टमी पर निशा काल में काल भैरव देव की पूजा की जाती है। इसके लिए 24 अक्टूबर को कार्तिक माह की कालाष्टमी मनाई जाएगी। इस शुभ अवसर पर मासिक कृष्ण जन्माष्टमी भी मनाई जाएगी। ज्योतिषियों की मानें तो कार्तिक माह की कालाष्टमी पर साध्य योग का शुभ संयोग बन रहा है। इसके साथ ही अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, गुरु पुष्य योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इन योग में काल भैरव की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# खुज्जी -करमरी मार्ग बदहाल, परेशान हो रहे लोग

## जर्जर , 40 सालों से नहीं बदली सूरत , बड़े हादसे का कर रहे इंतजार

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी से करमरी की सड़को की स्थित अत्यंत खराब हो चुकी है । जिससे आम आदमी का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है । इस रास्ते में प्रतिदिन हजारों राहगीरों का आना जाना होता है राहगीरों को जिन सड़को से होकर इन जर्जर सड़क से गुजरना पड़ रहा है उसकी व्यथा तो राहगीर ही बता सकता है । खुज्जी से करमरी मार्ग की दूरी मात्र 12 किलोमीटर है , साथ ही बालोद जिला के देवरी व दल्लीराजहरा जाने का मात्र एक मुख्य मार्ग है , फिर भी मौन रवैये के चलते इस समस्या का समाधान अब तक पी डब्लू डी विभाग द्वारा नहीं किया गया है। जनप्रतिनिधियों के अपेक्षा के कारण सैकड़ों जगह पर गहरे गड्ढा और मार्ग अति जर्जर हैं खुज्जी से करमरी तक कई जगहों पर बड़े बड़े गहरे गड्ढे है । जो कभी भी जानलेवा साबित हो सकती है। कही कही पर तो मुख्य मार्ग होने के बाद भी पैदल चलने की स्थिति निर्मित होती हैं

**बुजुर्गो और स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा नुकसान और खतरा**

इस मार्ग में खराब रोड से केवल बच्चे ही नहीं बल्कि बच्चे से लेकर युवा वर्ग और बुजुर्ग परेशान है। जब विद्यार्थी शाला आते जाते हैं तो उनके कपड़े और बैग धूल से गंदे सराबोर हो जाते है , खासकर जब बड़ी -बड़ी ओवरलोडेड गाडियां उनके पास से गुजरती है तो सड़क सकरा और धूल के कारण दुर्घटना की आंशका हमेशा बनी रहती है । बुजुर्ग को भी इस खराब स्थिति में यात्रा करना एक चुनौती बन जाता है उनके लिए यह मार्ग खतरनाकऔर जानलेवा साबित हो सकता है

**1972 से निर्मित सड़क**

खुज्जी - करमरी मार्ग सन् 1972 से निर्मित है और आज सन् 2024 तक पूरा 43 साल बीत जाने के बाद भी इन 40 साल में मार्ग का न तो कभी चौड़ीकरण किया और न ही कभी कभी पूरी तरह डामरीकरण ही किया गया बीच बीच में मात्रा गड्ढों को पाटकर सिर्फ़ जगह विशेष को डामरीकरण कर सिर्फ खाना पूर्ति किया जा रहा है

वाहन खराबी और दुर्घनाए में बढ़ोत्तरी हुई

कई जगह बड़े बड़े गड्ढों भरी इन सड़को पर वाहन भी तेजी से खराब हो रहे है , व आय दिन गाडियां बिगड़ती है। जिससे लोगों का आर्थिक नुकसान हो रहा है,वही सड़क पर खराब हालत के चलते दुर्घटनाओं की संख्या लगातार इजाफा हो रहा है। यह मार्ग देवरी से डोंगरगांव और छुरिया जाने का मुख्य पथ भी



है । जहां कम से कम 8 से 10 बसों की आवाजाही प्रतिदिन होती है ।इसके अतिरिक्त गढ़ चिरौली महाराष्ट्र की आने वाली ट्रक भी धमतरी मार्ग में जाने के लिए इसी मार्ग से गुजरती है , आसपास ग्रामों के लिए डोंगरगांव इकलौता महाविद्यालय होने के कारण क्षेत्र के समस्त छात्र एवम् छात्राए भी इसी मार्ग से ही होकर गुजरते है । सड़क जब इतना महत्वपूर्ण है तो नि: संदेह इस पथ से गुजरने वाली बसों की परमिट के रूप इस मार्ग के लिए टैक्स तो देते ही है , फिर क्यों इस रास्ते की अनदेखी पी डब्लू डी विभाग द्वारा की जा रही है ।

**प्रशासन की अनदेखी और पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही**

पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ को जानकारी होने के बावजूद भी पीडब्ल्यूडी विभाग लापरवाही और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के चलते खुज्जी करमरी के सड़को पर गड्ढों का अंबार लगा हुआ है। इस समस्या का सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों, बुजुर्गो और कामकाजी लोगों पर पड़ रहा है । रोजमर्रा की जिंदगी में इन सड़को से गुजरने वाले लोगों को न सिर्फ़ धूल का सामना करना पड़ता है बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है । इस मार्ग में रतनभाट सोसाइटी के पास से लेकर करमरी तक की स्थिति बेहद खराब है। लेकिन इस विषय को प्रशासन और बड़े नेता द्वारा गंभीरता पूर्वक नहीं ले रहे है । जिले के जिम्मेदार अधिकारी, क्षेत्रीय विधायक और बीजेपी के बड़े नेता भी इस मुख्य मार्ग से गुजर रहे है , लेकिन उनकी गाड़ियों में अच्छे सस्पेशन और कार के शीशे बंद होने के कारण उन्हें इस समस्या का कोई खास फर्क नही पड़ रहा है। आम जनता की समस्या उनके लिए जैसे कोई मुद्दा ही नहीं है शायद प्रशासन के पास कोई आवेदन या निवेदन नहीं गया होगा ,जो बेसब्री से इंतजार कर रहा होगा की आवेदन आए तो निराकरण किया जाए।

**लोगों में बढ़ रहा आक्रोश**

खुज्जी -करमरी मार्ग दो जिलों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है ,यह मार्ग ही सीधा बालोद जिला के दल्लीराजहरा और आगे बस्तर के भानुप्रतापपुर तक पहुंचता है। पर सड़को की दयनीय स्थिति के कारण चार पहिया वाहन वाले अन्यत्र मार्ग की तलाश करते है , जिससे वह गंतव्य तक जल्दी पहुंच सके। इससे इस रास्ते में दुकान खोलकर बैठे व्यापारीयो को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

क्षेत्रीय ग्रामीणों ने इस मार्ग की जर्जर स्थिति के लिए जन प्रतिनिधियों को जिम्मेदार बताया है। , जनमानस का आरोप है कि उनके द्वारा चुने गए प्रतिनिधि क्षेत्र की सड़को की खराब स्थिति को ना तो कभी केंद्र के संसद भवन में उठाया गया और न ही राज्य के विधानसभा में उठाया है। ग्रामीण व राहगीर इस अनदेखी से अक्रोशित हो रहे है और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वे अपनी उम्मीद किससे लगाए ? : सोई हुई प्रशासन से, या फिर नेताओं से जो केवल चुनाव के समय ही जनता के बीच नजर आती है।

> खुज्जी मार्ग में जर्जर सड़क का रिपेरीनग के लिए टेंडर लगा है टेंडर खुलने के बाद गड्ढे और जर्जर मार्ग की सुधार की जाएगी।
>
> **विजय कुमार सब इंजीनियर**

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज

**जिले भर की 280 स्कूल 6 महाविद्यालयों में आयोजन**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 19 अक्टूबर शनिवार को जिले भर के 280 विद्यालय एवं 6 महाविद्यालयों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी श्री टी.एस. ठाकुर से मिली जानकारी के अनुसार उक्त परीक्षा का आयोजन कक्षा 5वीं से लेकर महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाता है। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों की पुनर्स्थापना एवं अभिवर्द्धन करना है। पं.श्रीराम शर्मा आचार्य जी के अनुसार विद्यालय ऐसे हो जहां से अच्छे, महान एवं सर्वांगपूर्ण मनुष्य का निर्माण हो। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए परीक्षा द्वारा विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं में दूरदर्शी, विवेकशीलता एवं उच्च स्तरीय संवेदनाओं को जागृत करने, सत्य, प्रेम, न्याय का पथ प्रदर्शित करने, समय और प्रतिभा का समुचित उपयोग करने तथा जीवन प्रबंधन में प्रवीणता लाने हेतु सार्थक सिद्ध हो।

## भाजपा के सदस्यता अभियान को मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे राष्ट्र में सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ने के लिए



कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया था। जिसके तहत 2 सितंबर से यह अभियान प्रारंभ हुई। इस अभियान नियमित समय पर 9 करोड़ के लक्ष्य को पार करते हुए निर्धारित आंकड़ा 10 करोड़ के नजदीक पहुंच गया है।

जिसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू द्वारा स्वयं प्राथमिक सदस्य बनाकर कहा है कि आम जनमानस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास का भाव बढ़ा है। पूरे उमंग व उत्साह के साथ पार्टी के सदस्यता को स्वीकार करते हुए राष्ट्रवाद की भावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वत:स्फूर्त आम जनमानस सामने आ रही है जिसका प्रतिसाद है कि आज पार्टी की प्राथमिक सदस्यता करोड़ों में पहुंच चुकी है।

## गोड़लवाही हाईस्कूल के भृत्य निलंबित

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गोड़लवाही के भृत्य मनोज कुमार अलेंद्र को जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है . मनोज अलेंद्र लंबे समय से अनाधिकृत अनुपस्थित एवं शासकीय कार्य के प्रति कर्तव्य विमुखता के साथ उच्च अधिकारी के आदेश निर्देशो का अवहेलना , प्रदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासन हीनता के चलते छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1965 की कदाचरण की श्रेणी के चलते निलंबित किया गया है . निलंबन अवधि में मनोज अलेंद्र का मुख्यालय बलदेव प्रसाद मिश्र हायर सेकेंडरी स्कूल बसंतपुर रखा गया है।

## एक दिवसीय विशेष युवोदय कार्यक्रम संपन्न

### बाल सुरक्षा, शिक्षा, स्वच्छता जैसे विभिन्न विषयों के संबंध में दी गई जानकारी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में एक दिवसीय विशेष युवोदय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में बाल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. चेतना देसाई विशेष रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी युवोदय स्वयंसेवियों को बधाई दी और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। बाल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. चेतना देसाई ने युवोदय स्वयंसेवियों से बाल सुरक्षा, शिक्षा, स्वच्छता जैसे विभिन्न विषयों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम के संचालन, कार्य करने के विभिन्न क्षेत्र, कार्य करने के तरीके एवं प्रशासन द्वारा मिलने वाली सहायता जैसे विभिन्न विषयों पर विशेष चर्चा की। बाल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. चेतना देसाई ने युवोदय स्वयंसेवियों के जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए समाज में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में यूनिसेफ जिला समन्वयक सुश्री दिव्या राजपूत, शासकीय नवीन महाविद्यालय अर्जुनी के कार्यक्रम प्रभारी श्री ओमप्रकाश सहारे, युवोदय स्वयंसेवी श्री विनोद कुमार टेम्बुकर के साथ शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव तथा नवीन महाविद्यालय अर्जुनी, कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव तथा नवीन महाविद्यालय घुमका एवं बड़ी संख्या में युवोदय स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

## संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं सोमनी पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में सेमीनार आयोजित





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 18 अक्टूबर 2024, दिन-शुक्रवार को नवा बिहान साइबर जागरूकता अभियान व एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन पुलिस थाना सोमनी, राजनांदगांव के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के तहत संस्कार सिटी कॉलेज ऑफएजुकेशन व श्रीराम कॉलेज ऑफएजुकेशन के मध्य किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस थाना सोमनी के थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह व श्री सिद्दीकी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर गुरप्रीत कौर छाबड़ा द्वारा मां सरस्वती के करकमलो पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस कार्यक्रम में रामेंद्र सिंह के द्वारा साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। साइबर ठगी से बचने के लिए कई बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। रामेंद्र सिंह ने कहा कि किसी अपरिचित व्यक्ति की फोन कॉल आने पर अपने व्यक्ति मामले की डिटेल कभी भी शेयर ना करें, सोशल साइट के माध्यम से या ऑनलाइन मदद के नाम पर रुपए मांगने वालों को बिना पहचान किए धनराशि न दे, किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने अकाउंट का विवरण, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नंबर, ओटीपी नंबर व एसएमएस को शेयर ना करें। टीवी, अखबार, ऑनलाइन माध्यम के जरिए दिए जाने वाले लुभावने आंकड़ों के झारों में ना आये, ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें, तत्पश्चात थाना बैंक साइबर सेल को सूचना जरूर दें। साइबर अपराध से बचने के लिए युवाओं को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

## सुस्पष्ट शब्द व्यक्तित्व की पहचान होती है - डॉ नवरतन

### मित्तल जी की नि: स्वार्थ सेवा ईश्वरीय कार्य है : सुशील अग्रवाल , तोतले बच्चों के उपचार शिविर का हुआ शुभारंभ



**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अग्र बायोडाटा सेंटर रायपुर एवं श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित तोतले बच्चों के उपचार के 35 वें शिविर का शुभारंभ 17 अक्टूबर को श्री सत्यनारायण धर्मशाला में शुभारंभ करते हुए जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर नेतराम नवरतन ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में उसकी आवाज का विशेष महत्व होता है सुस्पष्ट आवाज उसके व्यक्तित्व की पहचान हुआ करती है। आवाज में अगर तोतलापन हो तो बच्चे के मन में हीन भावना ग्रसित हो जाती है और उसका व्यक्तित्व विकास रुक जाता है। मंदिर समिति द्वारा आयोजित ऐसे बच्चों के उपचार का शिविर वास्तव में अभिनंदनीय है जहां किसी भी प्रकार का कोई शुल्क ना लेते हुए मात्र स्पीच थेरेपी के माध्यम से तोतले बच्चों का उपचार किया जा रहा है। शासन के द्वारा भी 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के विभिन्न रोगों के उपचार के लिए चिरायु योजना के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित है इसका लाभ भी अभिभावक ले सकते हैं। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए जानकारी दी की वर्ष 2022 में भी ऐसे बच्चों का उपचार शिविर मंदिर समिति द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें 40 बच्चों ने भाग लिया था जिसमें 34 बच्चों को 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त हुई थी। यह शिविर समाजसेवी सुशील अग्रवाल की प्रेरणा से आयोजित किया गया है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सुशील अग्रवाल ने कहा कि सत्यनारायण जी मित्तल की निस्वार्थ भाव से की गई सेवा ईश्वरीय कार्य है, जहां बिना कोई शुल्क या दवा के उपचार किया जाता



है। ट्यूटर सत्यनारायण मित्तल ने कहा कि प्रभु कृपा से यह कार्य पिछले तीन वर्षों से अनेक शहरों में शिविर लगाकर सैकड़ो बच्चों का उपचार किया गया है। अभिभावक अगर अपने घर में एक माह तक बच्चों के प्रति सजग रहकर उसे दिए गए पाठ्यक्रम का अनुसरण करवाते हैं तो मेरी गारंटी है कि बच्चों की आवाज 100 प्रतिशत सही हो जाएगी। शिविर में प्रत्येक बच्चे को तीन दिन तक प्रतिदिन 20 मिनट की क्लास अभिभावक के सामने ली जाती है उसके पश्चात उन्हें नि:शुल्क एक पाठ्यक्रम दिया जाता है जिसकी प्रैक्टिस लगातार करने पर बच्चों की आवाज ठीक होती है और उसका तोतलापन दूर हो जाता है। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला चिकित्सालय के नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बी एस तूलानी भी उपस्थित हुए उन्होंने भी बच्चों के नाक, कान, गला रोग से संबंधित विषय पर प्रकाश डाला।



शिविर में 46 बच्चों का पंजीयन हुआ, जिनका परीक्षण उद्घाटन सत्र के पश्चात किया गया। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शिविर में उड़ीसा, महाराष्ट्र के नागपुर, तुमसर के साथ ही सुदूर अंबागढ़ चौकी मोहला मानपुर जिले के सांगली ग्राम, डोंगरगढ़ के बच्चे भी उपचार हेतु शामिल हुए हैं। बाहर से आए हुए बच्चों एवं अभिभावक को समिति द्वारा श्री सत्यनारायण धर्मशाला में निशुल्क कमरा उपलब्ध कराया गया है। उद्घाटन सत्र में समिति के विष्णु प्रसाद लोहिया, सुरेश अग्रवाल, संतोष सिंघल, राहुल अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, पवन लोहिया, विजय खंडेलवाल उपस्थित हुए एवं परीक्षण में सेवा प्रदान की। मंच संचालन लक्ष्मण लोहिया ने किया।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com